# विद्यार्थियों को बताए कॉलेज के नियम और अनुशासन



**जबलपुर** | जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के नियम, अनुशासन, नैतिक दायित्वों, विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बताया गया। विशेष अतिथि प्रो.एनके गोंटिया भूतपूर्व कुलपति, जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, डॉ.नवीन शर्मा, दिवांशु गौतम ने विद्यार्थियों को कृषि अभियांत्रिकी में बेहतर कैरियर अवसर, राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थी जीवन पर प्रभाव...जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ.अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ.एके गुप्ता,इंजी. डीएम कदम,डॉ.दीपक पटले, इंजी.वायएन श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

दैनिक भास्कर
Tue, 09 December 2025
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/78700168

# कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। 24 नवम्बर से चल रहे इस द्वि-साप्ताहिक कार्यक्रम में छात्रों को महाविद्यालय के नियम, अनुशासन, नैतिक दायित्व, शैक्षणिक गतिविधियाँ, विभागों व प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और विश्वविद्यालय की अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रो. एन. के. गोंटिया (भूतपूर्व कुलपति, जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय), डॉ. नवीन शर्मा (साइंटिफिक एड्वाइजर, माइक्रो वियोमा प्रा. लि., बैंगलोर) और श्री दिवांशु गौतम (प्रोग्राम ऑफिसर, एनएसएस) ने विद्यार्थियों को कृषि अभियांत्रिकी में करियर अवसर, पर्सनल डेव्लपमेंट और राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए उन्हें कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र में उपलब्ध अनंत संभावनाओं से परिचित कराया।

कार्यक्रम के सुचारू संचालन में डॉ. ए. के. गुप्ता, इंजी डी. एम. कदम, डॉ. दीपक पटले, और इंजी वाय. एन. श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के वैज्ञानिक, प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**Haribhoomi Jabalpur 09.12.2025**

# विशेषज्ञों ने दिया कॅरियर, पर्सनल डेवलपमेंट पर मार्गदर्शन



**▶ कृषि अभियांत्रिकी कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन**

**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में आयोजित द्वि-साप्ताहिक दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। 24 नवम्बर से प्रारंभ इस कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियम, अनुशासन, विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण सुविधाओं से अवगत कराया गया।

इस मौके पर विशेष अतिथि प्रो. एन. के. गोटिया (भूतपूर्व कुलपति, जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय), डॉ. नवीन शर्मा (साइंटिफिक एड्वाइजर, माइक्रो वियोमा प्रा. लि., बैंगलोर) एवं श्री दिवांशु गौतम (प्रोग्राम ऑफिसर, एनएसएस, ओपन यूनिट) ने क्रमशः कृषि अभियांत्रिकी में करियर अवसर, पर्सनालिटी नहीं बल्कि पर्सनल डेवलपमेंट पर जोर और एनएसएस के विद्यार्थी जीवन पर प्रभाव जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उपलब्ध अनंत संभावनाओं से परिचित कराया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. ए. के. गुप्ता (प्रोग्राम समन्वयक), इंजी डी. एम. कदम (प्रोग्राम समन्वयक), डॉ. दीपक पटले (सह-समन्वयक) एवं इंजी वाय. एन. श्रीवास्तव (सह-समन्वयक) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के वैज्ञानिक, प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**Navbharat Jabalpur News 09.12.2025**